卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 114 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦29 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हमारी रगों में बसा है लोकतंत्र: मोदी

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देशवासियों के साथ मन की बात की जिसमें उन्होंने सुपर फूड मिलेट्स के बारे में बताया। पीएम ने कहा कि लोग अब बड़े स्तर पर मिल्ट्स को अपना रहे हैं और उनकी सेहत के लिए भी फायदेमंद है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हमारी रगों में लोकतंत्र बसा है। उन्होंने कहा कि हमारे स्वभाव और संस्कृति ही लोकतांत्रिक हैं। मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने मन की बात में पद्म पुरस्कार विजेताओं की बात की। पीएम ने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेताओं में बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और



आदिवासी समाज से जुड़े लोगों की है। पीएम ने कहा कि आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है और चुनौतिपूर्ण भी है, लेकिन इसके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बचाने के लिए हमेशा आतुर रहते हैं। पीएम ने इसी के साथ देशवासियों को इन विजेताओं के बारे में जानने का आग्रह किया। पीएम ने कहा कि इस बार पद्म पुरस्कार पाने वालों में वे लोग हैं जिन्हें संतूर, बम्हुम, द्वीतारा जैसे हमारे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन फैलाने में महारत हासिल है। पीएम ने कहा कि चारों तरफ गुलाम मोहम्मद जाज, मोआ सु-पोंग, री-सिंहबोर कुर्का-लॉन्ग, मुनि- वेंकटप्पा और मंगल कांति राय की चर्चा हो रही है। मोदी ने कहा कि ई-कचरे को ठीक से व्यवस्थित नहीं किया जाता है और इसी के कारण यह हमारे पर्यावरण के लिए नुकसानदायक होता है। पीएम ने कहा कि अगर सावधानीपूर्वक इसको रीसायकल और पुन: उपयोग किया जाए तो यह अर्थव्यवस्था की बहुत बड़ी ताकत बन सकता है। पीएम ने कहा कि लोग दो अभियानों में भागीदारी के कारण एक क्रांति के रास्ते पर हैं। मोदी ने कहा कि लोगों ने बड़े पैमाने पर सक्रिय भागीदारी कर योग और फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा तो बनाया ही था, लेकिन अब बड़े पैमाने पर लोग मिलेट्स को अपना रहे हैं। मन की बात (शेष पृष्ठ 7 पर)

## राहुल ने श्रीनगर के लाल चौक पर फहराया तिरंगा

श्रीनगर(उद ब्यूरो)। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को श्रीनगर के पंथा चौक से अपनी भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद भारत जोड़ो यात्रा लाल चौक के लिए रवाना हुई। जहां कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं समेत कांग्रेस समर्थकों ने भी पद यात्रा में हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों के हाथों में पार्टी



के झंडे भी दिखाई दिए। बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा शहर के सोनवार क्षेत्र तक सात किलोमीटर की दूरी तय की। वहां कुछ देर रुकने के बाद यात्रा(शेष पृष्ठ 7 पर)

## अब गौ तस्करों पर लगेगी गैंगस्टर

### गौ तस्करी पर सरकार हुई सख्त,तस्करों की संपत्ति भी जब्त होगी

देहरादून(उद संवाददाता)।प्रदेश में बढ़ती गो तस्करी की घटनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्ती दिखाते हुए डीजीपी अशोक कुमार को गो तस्करी करने वालों पर गैंगस्टर की कार्रवाई के आदेश दिये हैं। साथ ही ऐसे अपराधियों की संपत्ति जब्त करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद डीजीपी ने प्रदेश के सभी जिला प्रभारियों को आदेश जारी किए हैं। डीजीपी ने बताया कि गो तस्करों पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए पुलिस की ओर से गढ़वाल व कुमाऊं परिक्षेत्र में दो टीमें गठित की गई हैं। गो तस्करी की शिकायतें मिलने



पर टीम तत्काल कार्रवाई करती है। 2022 में पुलिस की ओर से 185 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जिला प्रभारियों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं कि वह गो तस्करों के खिलाफ सख्ती से पेश आएं। जहां से भी गो तस्करी की शिकायतें मिलती हैं तो तत्काल गोवंश संरक्षण स्क्वाड को सूचित करते हुए ज्वाइंट तौर पर आपरेशन चलाया जाए, ताकि आरोपितों को भागने का मौका न मिल सके। अब तक गो तस्करी के मामले में सख्त कार्रवाई न होने के चलते तस्कर बेधड़क गो तस्करी कर रहे थे। थानों में गो वध के मुकदमे भी फाइलों में दफन हैं। गो तस्करी व गो वध के सबसे अधिक मामले देहरादून जिले में दर्ज हैं। वसंत विहार और पटेल नगर कोतवाली में तस्करों के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। अब ऐसे आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होने से अपराधियों में खौफ होगा।

## बनभूलपुरा में संयुक्त टीम ने किया सर्वे

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के बहुचर्चित रेलवे प्रकरण में रविवार को जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, वन विभाग, नगर निगम हल्द्वानी एवं रेलवे द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र की रेलवे भूमि का संयुक्त रूप से सर्वे और सीमांकन किया गया। सर्वे में अपर जिलाधिकारी नैनीताल अशोक जोशी, उपजिलाधिकारी हल्द्वानी मनीष कुमार, क्षेत्रीय अधिकारी हल्द्वानी भूपेंद्र सिंह धौनी, कोतवाल हल्द्वानी हरेंद्र चौधरी, थाना अध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सर्वे के दौरान बनभुलपूरा में गहमा गहमी का माहौल रहा। बता दें बनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे जमीन मामले की जहां 7 फरवरी



को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है जिसको लेकर शनिवार को जिलाधिकारी कैम्प कार्यलय हल्द्वानी में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्बियाल की अध्यक्षता में रेलवे प्रकरण के पीड़ित लोगों एवं संबंधित अधिकारियों के बीच बैठक हुई थी। जिसमें सर्वसहमति से रविवार सर्वे (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी व्यापारी गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। घरेलू सामान की ऑनलाइन होम डिलीवरी करने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर थोक व्यापारी को पुलिस ने फरीदाबाद हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार घरेलू सामानों के थोक विक्रेता ऋषभ पाठक द्वारा कोतवाली में रपट दर्ज कराई गई थी कि उनके द्वारा अपने दुकान मैं घरेलू किचेन सामान के विक्रय हेतु सोनू भाई शर्मा मालिक नित्या एंटरप्राइजेज, अंकलेश्वर जिला भरूच, गुजरात से कुल 2.11लाख रुपए का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया गया। मगर उन्हें कुल 49297 रुपए का सामान ही प्राप्त हुआ।मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव को दी गई। उनके द्वारा घटनाक्रम के विभिन्न पहलुओं के बारे में बारीकी से जांच की गई। जिसमें आरोपी सोनू भाई शर्मा को कुल 161703 रुपए के गबन का दोषी पाया गया। पुलिस ने बताया चूंकि आरोपी सोनू भाई शर्मा बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था जिस कारण उसकी गिरफ्तारी संभव नहीं हो पा रही थी। जिस पर जनपद की सर्विलांस सेल की मदद से आरोपी को उप निरीक्षक जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव हल्द्वानी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे के इंजेक्शनों के साथ एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में एनटीएफ और रूद्रपुर कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नशे के इंजेक्शनों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कोतवाल विक्रम राठौर ने जानकारी देते हएु बताया कि एसएसपी मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर जिले मे नशे की रोकथाम कें लिए गठित एएनटीएफ और कोतवाली पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान ब्लॉक रोड पर अभियुक्त निशा उर्फ निशा गाईन पुत्र नारायण गाईन निवासी शक्तिफार्म थाना सितारगंज हाल निवासी वार्ड न0 1 शिवनगर थाना ट्राँजिट कैंप को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नशे के 167 प्रतिबन्धित इंजेक्शन बरामद किये। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है। टीम में कोतवाल विक्रम सिंह राठौर के अलावा एसएसआई कमाल हसन ,एसआई बिपुल जोशी, हेड कांस्टेबल आसिफ हुसैन, कांस्टेबल विनोद खत्री, विकास रावत आदि शामिल हैं।



## पांच लाख न देने पर विवाहिता को घर से निकाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पति को पांच लाख रूपये न देने पर उसने पत्नी से मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसकी शादी हिन्दू रिति रिवाज से ज्ञान प्रकाश पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी एलाइन्स कालोनी काशीपुर रोड रूद्रपुर से हुई थी। पति ने 5 जनवरी 2023 को उसके परिवार वालो से प्लाट खरीदने के नाम पर 1 लाख रूपये मांगे थे। परिवार वालो ने 1लाख रूपये पेटीम द्वारा पति के खाते में ट्रांसफर कर दियें। आरोप है अब पति को लालच आ गया और उसने(शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी की बाइक सहित तीन शातिर दबोचे

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक एवं मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर अपराधियों का पर्दाफाश करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। तीनों शातिर अपराधियों पर नानकमत्ता थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों शातिर अपराधियों को न्यायालय में पेश करें किया जहां उन्हें जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देशन पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने पुलिस टीम के साथ चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान पुलिस को बाऊली



साहिब नानकमत्ता जाने वाले रास्ते पर बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल स्प्लेंडर आती दिखाई दी। पुलिस के वाहन को देख बाइक सवार मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर उसे(शेष पृष्ठ सात पर)

## विद्युत कटौती पर युंकाईयों ने फूंका सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगातार हो रही विधुत कटौती के विरोध में प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के अगुवाई में राज्य की धामी सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतले को आग के हवाले किया। इस मौके आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुऐ यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कहा ऊर्जा प्रदेश में पांच से 6 घण्टे की विद्युत कटौती से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तत्काल विद्युत कटौती नही रुकी तो छात्र छात्राओं को आगामी परीक्षा की तैयारी में व्यावधान पैदा होगा। सन्दीप भासोड़ा, कालाढूंगी विधानसभा उपाध्यक्ष रितिक आर्या व निखिल कुमार



ने कहा राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। बीजेपी सरकार ने अच्छे दिनों के सपने दिखाकर जनता को परेशानी में डाल दिया है। इस मौके पर यूथ कांग्रेस पूर्व प्रवक्ता गौरव जयवाल, शहनवाज मलिक, मोनू चौहान, सचिन राठौर, मयंक गोस्वामी, हेमन्त पन्त, पंकज कश्यप, रवि कुमार, अंकुश बाल्मीकि, शिवम बाल्मीकि, साहिल राज आदि लोग मौजूद थे।

# बोर्ड की परीक्षाओं पर भी नकलरोधी कानून को लागू करने का दिया सुझाव

देहरादून। न्याय विभाग ने 10वीं, 12वीं और विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं पर भी नकलरोधी कानून लागू करने का सुझाव शासन को दिया है। सुझाव लागू हुए तो यह देश का सबसे सख्त नकलरोधी कानून होगा। सचिव (कार्मिक) शैलेश बगौली ने न्याय विभाग से अध्यादेश के सुझावों के साथ लौटने की पुष्टि की है। कार्मिक विभाग ने कुछ दिन पूर्व उत्तराखंड सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अध्यादेश 2023 न्याय विभाग को परामर्श के लिए भेजा था। न्याय विभाग ने अपने सुझाव भेज दिए हैं। अब अध्यादेश के ड्राफ्ट में जरूरी सुझावों को शामिल करते हुए उसे दोबारा न्याय विभाग और उसके बाद विधायी विभाग को भेजा जाएगा। इसके बाद यह अध्यादेश कैबिनेट की बैठक में लाया जाएगा। यदि किसी रिजॉर्ट, घर या भवन में नकल कराई जा रही है तो वहां धन शोधन अधिनियम (मनी लॉड्रिंग एक्ट) की तर्ज पर बिना किसी सर्च वारंट के छापा मारकर सील करने और गिरफ्तारी की जा सके।सरकार चाहे तो नकल रोधी कानून में शिक्षा बोर्ड और विश्वविद्यालय के तहत महाविद्यालयों की परीक्षाओं को भी शामिल किया जा सकता है। इन परीक्षाओं में नकल के मामलों में छह माह से एक साल तक की सजा का प्रावधान करने का सुझाव दिया गया है। इसे कदाचार की श्रेणी में रखा जाए और विश्वविद्यालय नकलची छात्र के लिए अपने नियमों और परिनियमों के अनुरूप कार्रवाई करे।ऐसे मामलों के अपराधियों को जमानत नहीं दी जाए। यह गैर जमानती अपराध की श्रेणी में हो। जमानत तभी दी जाए जब यह साबित हो कि गिरफ्तार व्यक्ति दोषी नहीं है।कानून के दायरे में परीक्षा कराने वाली कंपनी को भी शामिल किया जाए।ओएमआर शीट जलाने, नष्ट करने या लूटने के मामलों को भी 10 साल की सजा के दायरे में लाया जाए।अपराध में शामिल सरकारी कर्मचारी और मुल्जिम के बीच बाद में कोई समझौता न हो पाए। इसे रोकने के लिए न्याय विभाग ने प्रावधान सुझाए हैं।चाकू, रिवाल्वर या हथियार दिखाकर डराने-धमकाने वाले को भी कानून के दायरे लाया जाए।पुलिस सुरक्षा में चूक होने पर विभागीय स्तर पर कार्रवाई होगी। न्याय विभाग ने यह परामर्श भी दिया है कि न्यायालय से आरोप तय होने या दोष सिद्ध होने पर ही अभ्यर्थी को 10 साल तक परीक्षाओं के लिए प्रतिबंधित किया जाए। अध्यादेश में अभी एफआईआर दर्ज होने पर अभ्यर्थी पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान किया गया है।

# दिल्ली में होगा पुलकित आर्य का पॉलीग्राफ टेस्ट

देहरादून। बहुचर्चित वनंतरा रिसार्ट में कार्यरत अंकिता भंडारी हत्याकांड में मुख्य आरोपित पुलकित आर्य का पालीग्राफ टेस्ट एक से तीन फरवरी तक होगा। दिल्ली के रोहणी स्थित केंद्रीय फोरेंसिक लैब की ओर से प्रकरण की जांच कर रही एसआइटी को तीन दिन का स्लाट दिया गया है। एसआइटी आरोपित को एक फरवरी को लैब लेकर जाएगी। इसके बाद पालीग्राफ टेस्ट की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके अलावा आरोपित के नार्को टेस्ट को लेकर स्लाट नहीं मिल पाया है। अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरुगेशन ने बताया कि पुलकित आर्य के पालीग्राफ टेस्ट करवाने के लिए स्लाट मिल गया है। आरोपित का तीन दिन पालीग्राफ टेस्ट होगा। इसी बीच उसका मेडिकल भी करवाया जाएगा। नार्को टेस्ट को लेकर अभी स्लाट नहीं मिला है। नार्को टेस्ट करवाने के लिए भी पुलिस की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। पिछले दिनों न्यायालय ने पुलकित के नार्को टेस्ट के



लिए अनुमति दी थी। इसके बाद अब दिल्ली केंद्रीय फोरेंसिक लैब में नार्को टेस्ट के लिए तिथि घोषित की गई है। वनंतरा रिसार्ट में कार्यरत युवती की हत्या के मामले में बहुत से सवाल अब भी हर किसी के जहन में घूम रहे हैं। इसमें वीआइपी का नाम अब तक उजागर नहीं हो सका है। इसके अलावा आरोपित पुलकित का मोबाइल बरामद करना भी बाकी है । गत दिसंबर में एसआइटी ने न्यायालय में नार्को टेस्ट कराने को अर्जी दी थी। पहले तो पुलकित और सौरभ ने इसके लिए अनुमति दे दी थी लेकिन, बाद में अपने वकीलों सलाह करने के लिए प्रार्थनापत्र वापस ले लिए थे। ऐसे में दोबारा जब अनुमति के लिए पूछा गया तो केवल मुख्य आरोपी पुलकित आर्य ने ही स्वीकृति दी थी। इसमें भी उसने कुछ सवालों को शामिल किया था। आरोपित के सवालों को एसआईटी ने मंजूर कर लिया था। इसे लेकर पुलिस ने दोबारा अर्जी दी तो न्यायालय ने इसे स्वीकार कर लिया था।

# यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में आरएमएस कंपनी के मालिक समेत तीन की संपत्तियां होंगी जब्त

देहरादून। यूकेएसएसएससी भर्ती पेपर लीक मामले में आरएमएस टेक्नो सॉल्यूशन कंपनी के मालिक राजेश चौहान की संपत्तियों को जल्द ही जब्त किया जाएगा। लखनऊ और ठाकुरद्वारा में चौहान की संपत्तियों का आकलन करीब 90 फीसदी पूरा हो गया है। टीमें लगातार संबंधित जिलों के प्रशासन से संपर्क कर रही हैं। इसके अलावा सादिक मूसा और उसके एक दोस्त की संपत्तियों की जांच भी चल रही है। गौरतलब है कि स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में कुल 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से 21 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 ए में आरोपियों की अपराध से कमाई गई संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार जिला प्रशासन के पास होता है। इसके तहत मुख्य आरोपियों में शामिल हाकम सिंह की करीब छह करोड़ रुपये की संपत्ति का आकलन किया गया था। जबकि कुमाऊं का हाकम कहे जाने वाले चंदन मनराल की भी 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियों का आकलन हुआ था। इन्हें जब्त करने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा गैंगस्टर एक्ट में गैंग का लीडर सादिक मूसा को बनाया गया था। इस मामले में आरएमएस कंपनी का मालिक राजेश चौहान और उसका भाई भी गैंग में शामिल है। सूत्रों के अनुसार तीन टीमें इन आरोपियों की संपत्तियों की जांच भी कर रही हैं। 2015 में इन लोगों की मदद से ही दरोगा भर्ती की ओएमआर शीटों में छेड़छाड़ की गई थी। ऐसे में 2015 को ही पहला अपराध मानते हुए इस दरम्यान अर्जित की गई संपत्तियों को अवैध मानकर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि इन सभी की संपत्तियों के आकलन का काम लगभग पूरा होने वाला है। जल्द ही इनकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जाएगी।

# भाजपा नेता के हत्यारे चार भाईयों को उम्रकैद की सजा सुनाई

हरिद्वार। भगवानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला प्रधान के पति एवं भाजपा नेता सतीश हत्याकांड में न्यायालय ने शनिवार को फैसला सुनाया। हथौड़ा मारकर प्रधानपति को मौत के घाट उतारने वाले चार सगे भाइयों को दोषी पाते हुए पंचम अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश चंद आर्य ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। चारों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।शासकीय अधिवक्ता अनुज कुमार सैनी ने बताया कि भगवानपुर थाना क्षेत्र के गांव हल्लुमजरा निवासी भाजपा नेता एवं प्रधानपति सतीश उर्फ मांगेराम सैनी की 27 अप्रैल 2017 को हत्या की गई थी। सतीश के पुत्र हिटलर की शिकायत पर पुलिस ने गांव में ही रहने वाले मेहताब, वाजिद, साजिद, राशिद पुत्रगण सत्तार के खिलाफ एक राय होकर हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना वाले दिन दोपहर 12 बजे सतीश उर्फ मांगेराम सैनी हल्लुमजरा चौक पर स्थित दुकान पर ड्राइवर अशोक कुमार के साथ अपनी कार धुलवाई करवा रहे थे। तभी वहां मेहताब, वाजिद, साजिद, राशिद आए थे।कहासुनी के दौरान मेहताब हथौड़ा लेकर आ गया था। सतीश ने यहां से निकलने की कोशिश की। लेकिन वाजिद और राशिद ने हाथ व साजिद ने पैर पकड़ लिया था। मेहताब ने सिर पर हथौड़े से वार करने शुरू कर दिए थे। चारों हमलावर सतीश को अचेत अवस्था में छोड़कर भाग निकले थे। लोगों ने सरकारी अस्पताल रुड़की में सतीश को भर्ती कराया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाह पेश किए गए। बचाव पक्ष की ओर से साक्ष्य में गवाह पेश किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने उपरोक्त सजा सजा सुनाई।

# जोशीमठ में 233 प्रभावित भूस्वामियों को 3.50 करोड़ रूपये की राहत राशि वितरित

देहरादून(उद संवाददाता)। जोशीमठ में दरारों वाले भवनों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हुई है। वहीं जोशीमठ में हो रहा पानी का डिस्चार्ज घट गया है।शनिवार को सचिव आपदा प्रबंधन रंजीत सिन्हा के जरिए दी गई जानकारी के अनुसार जोशीमठ में अग्रिम राहत के तौर पर 3.50 करोड़ रूपये की धनराशि 233 प्रभावित भूस्वामियों को वितरित कर दी गई है।105 प्रभावित किरायेदारों को 52.50 लाख की धनराशि तत्काल राहत के रूप में वितरित की गई है।सचिव आपदा प्रबन्धन ने जानकारी दी है कि जोशीमठ में प्रारम्भ में निकलने वाले पानी का डिस्चार्ज जो कि 06 जनवरी 2023 को 540 एल.पी.एम. था, वर्तमान में घटकर 170 एलपीएम हो गया है।अस्थायी रूप से चिन्हित राहत शिविरों में जोशीमठ में कुल 661 कक्ष हैं जिनकी क्षमता 2957 लोगों की है तथा पीपलकोटी में 491 कक्ष हैं जिनकी क्षमता 2205 लोगों की है। अभी तक 863 भवनों में दरारें दृष्टिगत हुई है। राहत भरी खबर ये है कि दरार वाले भवनों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि गांधीनगर में 01, सिंहधार में 02, मनोहरबाग में 05, सुनील में 07 क्षेत्र / वार्ड असुरक्षित घोषित किए गए हैं। 181 भवन असुरक्षित क्षेत्र में स्थित है। 248 परिवार सुरक्षा के दृष्टिगत अस्थायी रूप से विस्थापित किये गये हैं। विस्थापित परिवार के सदस्यों की संख्या 900 है। 41 प्रभावित परिवार रिश्तेदारों या किराए के घरों में चले गए हैं।

# युवक को मौत के घाट उतारने वाले वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। उतावलेपन में तेजी व लापरवाही से गाड़ी चला कर युवक को टक्कर मारते हुए उसे मौत के घाट उतारने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला शिव नगर तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी जय सिंह पुत्र स्वर्गीय बसंत सिंह ने बताया कि बीते 26 जनवरी की रात्रि लगभग 7:45 बजे जब उसका पुत्र महाराणा प्रताप चौक स्थित फ्लाईओवर के ऊपर से गुजर रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चला कर टक्कर मारते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के 2 दिन बाद पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।



# बिगवाड़ा रोड पर खुली अरोरा डेंटल केयर की तीसरी शाखा

## विधायक शिव अरोरा ने किया शुभारंभ, दंत रोगियों को मिलेगी सुविधायें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित अरोरा डेंटल केयर की तीसरी शाखा एडवांस्ड अरोरा डेंटल केयर का आज सिडकुल बिगवाड़ा रोड़ पर शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घघाटन विधायक शिव अरोरा ने धार्मिक अनुष्ठानों के बीच फीता काट कर किया। उन्होंने प्रतिष्ठान के एमडी डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा व डा. गगनदीप गुम्बर को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में डेंटल केयर के खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। डॉ. गगनदीप गुंबर तथा डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा ने कहा कि एडवांस्ड अरोरा डेंटल केयर आधुनिक दंत चिकित्सा उपकरणों से पूर्ण है। यहां दंत रोगियों को विश्वसनीय एवं कम खर्च में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां दातों की नसों का इलाज, फिक्स दांत लगाने, नकली दातों का जबड़ा लगाने, टेढ़े मेढे दातों को सीधा करने, दातों के रंग की फीलिंग, सफाई द्वारा पायरिया का इलाज सहित दातों से संबंधित अन्य कई रोगों का आधुनिक दंत चिकित्सा उपकरणों द्वारा किए जाने की सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर डा. गुरसेवक सिंह, डा. तलविंदर सिंह, डा. पलविंदर कौर, सतनाम सिंह, बलकार सिंह, पाल सिंह, आनन्द सिंह, बलबीर सिंह, विक्की सिंह, सतवंत सिंह, प्रभजोत सिंह, चरनजीत कौर, मनप्रीत कौर, सर्वजीत सिंह, नौनिहाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।






# वक्फ संपत्ति कब्जाने पर पूर्व सांसद समेत छह लोग नामजद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखण्ड राज्य में वक्फ की जमीनों पर कब्जे के कई मामले सामने आ चुके हैं। प्रशासन ने ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अब भू माफियाओं पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। वक्फ की जमीन पर कब्जा करने का एक और मामला सामने आया है जिसमें उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता पूर्व विधायक, सांसद अकबर अहमद डंपी समेत आठ लोगों के खिलाफ भवाली कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। वक्फ संख्या 610 नैनीताल की प्रबन्ध कमेटी के सचिव हशमत अली की तहरीर पर विभिन्न धराओं में यह आपराधिक केस दर्ज हुआ है। मामले के अनुसार नैनीताल जनपद के रामगढ़ स्थित ग्राम विसारदगंज में वक्फ संख्या 610 नैनीताल वक्फ गुलाम कादिर की 28 एकड़ 353 नाली भूमि में से सैकड़ों नाली भूमि पर अवैध खरीद फरोख्त के जरिये कब्जा जमाए बैठे यूपी के बाहुबली पूर्व विधायक अकबर अहमद डंपी, आशीष गुप्ता, चंदन सिंह, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, हेमन्त सिंह बिष्ट, हेमंत सिंह ढैला व मोहन बहादुर सिंह के खिलाफ हशमत अली ने भवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।जिसके बाद से वक्फ सम्पत्ति पर काबिज कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। हशमत अली ने बताया कि इस वक्फ की किदवई नगर हल्द्वानी स्थित सम्पत्ति पर काबिज अवैध कब्जेदारों के खिलाफ भी जल्द एफआईआर कराई जाएगी। हशमत अली के अनुसार वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मुख्तार मोहसिन आईपीएस की सख्त हिदायत है कि जो लोग भी वक्फ सम्पत्तियों पर अवैध कब्जा जमाए बैठे हैं वो या तो जल्द कब्जा छोड़ दें या फिर सख्त कार्यवाही के लिए तैयार रहें। ऐसे अवैध कब्जेदारों को जेल भी जाना पड़ सकता है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर




Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# किसान गोविंद सिंह सैनी ने उगाया 15 फुट ऊंचाई का गन्ना

गदरपुर(उद संवाददाता)। बनारस उत्तर प्रदेश से लाई गई गन्ने की थोड़ी सी पौध उगाने पर हाइब्रिड गन्ने ने विशाल रूप धारण कर लिया। गदरपुर के न्यू करतारपुर रोड पर रहने वाले किसान गोविंद सिंह सैनी ने बताया कि उन्होंने अपने घर के साथ खेत में बनारस से लाया गया एक गन्ना जब बीज के रूप में बोया तो वह विशाल रूप धारण कर गया। उन्होंने बताया कि लगभग 2 कनाल भूमि में उन्होंने गन्ना बो रखा है जो कि 15 फुट से भी अधिक लंबाई तक बढ़ रहा है जिसे टूटने से बचाने के लिए रस्सी बांस एवं तारों से बांध कर सहारा दिया जाता है साथ ही उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल की रखवाली के लिए उन्हें दिन और रात में गन्ने के खेत में ही जागरूक होकर रहना/ सोना पड़ता है क्योंकि जंगली जानवर के अलावा अन्य लोगों द्वारा भी गन्ने की चोरी करके उन्हें नुकसान पहुंचाया जाता है स उनकी प्रार्थना पर पुलिस द्वारा रात के समय अक्सर क्षेत्र में गश्त की जाती है। उन्होंने कहा कि मीठा एवं नरम होने की वजह से लोगों द्वारा खाने एवं चूसने के लिए गन्ना बहुत अधिक मात्रा में बिक रहा है। उन्होंने कहा, जब 1 गन्ने का वजन तोला तो 5 किलो से अधिक था उन्होंने अन्य किसानों से भी ऐसी हाइब्रिड पौध लगाकर मुनाफा कमाने की अपील की है। उन्होंने अपने खेत में अन्य कई तरह की सब्जियां भी उगा रखी है जिन्हें वे अन्य सब्जी विक्रेताओं को बेचते हैं।



# आम जनता तक पहुंचाएं प्रधान मंत्री के मन की बात: जुल्फकार

गदरपुर(उद संवाददाता)।भाजपा अल्पसंखयक मोर्चे के प्रदेश मंत्री जुल्फकार अली के वार्ड दस स्थित आजाद नगर आवास पर प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुना गया। इस अवसर पर जुल्फकार अली ने बताया कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी और प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के नेतृत्व में सभी युवाओं ने कार्यक्रम सुना। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हम भारतीयों को इस बात का गर्व भी है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है। लोकतंत्र हमारी रगों में हैं, हमारी संस्कृति में है। सदियों से यह हमारे कामकाज का भी एक अभिन्न हिस्सा रहा है। स्वभाव से हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं।कार्यक्रम सुनने के बाद जुल्फकार अली ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की बात को सुनकर समाज तक उनकी बात को पहुंचाना होगा तभी समाज में बदलाव आएगा। कहा कि पूरी दुनिया में भारत के लोकतंत्र की चर्चा है अनेकता में एकता लोकतंत्र की पहचान है। भाजपा से जुड़े अंजार हुसैन ने कहा दिल से जो बात निकलती है असर रखती है यही वजह है कि मन की बात को जरूर सुनते हैं।इस अवसर पर इरफान हुसैन, वसीम अख्तर, सैफ अली, राजू गंडा, नजीर सकलैनी, फहद पाशा, शाकिर हुसैन आदि काफी लोग मौजूद थे।



# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र की एक नाबालिग से दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम में नामकरण संस्कार में आए युवक ने पड़ोस में घर पर अकेली नाबालिक युवती से बहला-फुसलाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की मां की तकरीर पर आरोपी पर केस दर्ज किया है, तहरीर के आधार पर बताया गया कि बृहस्पतिवार को क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले ग्रामीण के घर पर नामकरण संस्कार का आयोजन था नामकरण संस्कार में उत्तर प्रदेश के जिला रामपुर के निवासी राकेश भी आया हुआ था। कार्यक्रम की गहमागहमी के बीच राकेश पड़ोस के घर में घुस गया उसने घर में अकेली 12 वर्ष की लड़की के साथ दुष्कर्म किया घटना के समय लड़की की मां और अन्य परिजन कहीं बाहर गए हुए थे। घर लौटे तो नाबालिग ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी स पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज करने के साथ नाबालिक का मेडिकल भी करवाया थानाध्यक्ष राजेश पांडे ने बताया कि मामले की जांच एसआई को सौंपी गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# राज्य मंत्री इकबाल सिंह कल रूद्रपुर में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने बताया कि उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) सरदार इकबाल सिंह 30 जनवरी को पूर्वान्ह् 11 बजे विकास खण्ड सभागार में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, अधिकारों के प्रति जागरूक किये जाने एवं समस्याओं के निराकरण हेतु जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगें। उन्होने बताया समीक्षा बैठक के उपरांत उपाध्यक्ष विकास कार्यो एवं निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि विभाग से सम्बन्धित सूचनाओं एवं अल्पसंख्यकों से सम्बन्धित सूचनाओं सहित बैठक में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रशांत सिंह बने महासचिव

गदरपुर(उद संवाददाता)। काग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर के नेतृत्व प्रशान्त सिंह को काग्रेस के अनुसूचित जाति का महासचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान काग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त महासचिव प्रशान्त सिंह का बधाई देते हुये स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशान्त सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी सौपी गई हैं उसका वे ईमानदारी तथा निष्ठा के साथ निर्वाह करेंगे साथ ही पार्टी की नीतियों को आगे बढाने में पूर्ण प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, सुभाष बेहड़, अनिल सिंह, सिद्धार्थ भुसरी, विजय भुड्डी, हरी खेड़ा, संजीव झाम, मनोज गुंबर आदि लोग मौजूद रहे।



# रम्पुरा चौकी इंचार्ज का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व सभासद हरपाल सिंह ने नवनियुक्त रम्पुरा चौकी इंचार्ज अर्जुन गिरी गोस्वामी को बुके भेट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान रम्पुरा चोकी मे तैनात सभी पुलिस कर्मियों को भी गुलाब देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सभासद हरपाल सिंह ने नवनियुक्त चौकी इंचार्ज अर्जुन गिरी गोस्वामी को पूर्ण विश्वास दिलाया कि क्षेत्रवासी पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर एवं उनका पूरा सहयोग करेंगे ताकि हमे क्षेत्र में गुण्डागर्दी, चोरी आदि की घटनाओं से राहत मिल सके। नवनियुक्त चौकी इंचार्ज अर्जुन गिरी गोस्वामी ने आये हुए सभी जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस व पब्लिक का सहयोग ही अपराधो को समाप्त कर सकता है और पुलिस सदैव जनता की दोस्त बनकर कार्य करती है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि क्षेत्र की जनता हमारा पूरा सहयोग करेगी। स्वागत करने वालो में नगर निगम के पूर्व ईओ नत्थू लाल कोली, पत्रकार अमन सिंह, पंकज अधिकारी समेत अनेको लोग उपस्थित रहे।



# कौशल्या देवी के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर(उद संवाददता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर आयोजित एक शोक सभा में चन्द्रमोहन गावड़ी की माताजी श्रीमती कौशल्या देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर राजकुमार सीकरी ने कहा कि माताजी एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। मनकामेश्वर मंदिर में उन्होंने लम्बे समय तक सेवा की। इस अवसर पर जगदीश छाबड़ा, मोहन अरोरा, नरेश कुमार सेठ, रोशन तागरा,जगदीश तनेजा, वीरेन्द्र सुखीजा, हरीश सुखीजा, खैराती लाल गगनेजा, ईशान सेठ, प्रेम ठक्कर, सुरेश मदान, राजीव पपनेजा, शिवकुमार, लाल चन्द्र कालड़ा आदि मौजूद थे।

# अस्पताल परिसर से बाइक चोरी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर में वाहन चोरों का आतंक थम नहीं रहा है। चोरों ने एक और बाइक पर हाथ साफ कर लिया। चंडीपुर विजयनगर दिनेशपुर निवासी सुदर्शन मण्डल पुत्र भवेश मण्डल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीते दिनों अपनी बाइक संख्या यूके 06बीडी 0622 पर अपनी पत्नी के प्रसव हेतु चीमा हास्पिटल, बगवाड़ा रुद्रपुर गया था। रात को उसने बाइक अस्पताल परिसर में ही खड़ी की थी। सुबह जब अस्पताल से बाहर आया तो उसकी बाइक गायब थी।

# विद्युत चोरी एक के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर। औचक छापेमारी के दौरान विजिलेंस टीम ने सिविल लाईन स्थित एक निर्माणाधीन भवन में विद्युत चोरी पकड़े जाने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अवर अभियंता कुलदीप सिंह, उपखण्ड अधिकारी अंशुल मदान टीम के साथ चेकिंग पर थे। सिविल लाईन में चेकिंग के दौरान नितिन अग्रवाल पुत्र विजय अग्रवाल के निर्माणाधीन भवन में बिजली चोरी पकडे जाने पर टीम ने केवल जब्त कर ली और भवन स्वामी के खिलाफ विद्युत अधि0 की धारा 135 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया है।

# श्री राम जानकी बैठे हैं..मेरे सीने में

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार राजू चावला के सौजन्य से श्री तुलसी धाम मंदिर, मलसा गिरधरपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकरअपनी अपनी हाजिरी का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजनसुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत मंदिर में, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, आयुष अरोरा ने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुलजायेंगे बाबा आयेंगे, राजू चावला ने श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में, शिवा चावला ने घाटे वाला मेरे साथ है, कालू मदान ने फरियादमेरी बाबा सुनते ही चले आना, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजयचिलाना, गगन ग्रोवर, आयुष अरोरा, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, लवी अरोरा, अमन श्रीवास्तव, विपुल कुमार, पवनअरोरा, बिट्टू अरोरा, हरीश कुमार, सुरेंद्र चावला, राजू चावला, शिवा चावला, रवि चावला, वैभव ग्रोवर, कृष्ण छाबड़ा, सोनू ठाकुर,





लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसकाबेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल महाराज सेआशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में सचिन मुरली श्री राम जय राम जय जय राम, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारातो आया तेरे द्वार, बिट्टू अरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार बेड़ा पार करो, सुरेश मित्तल ने तुमने ही बुलाया है दरबार में आया हूँ, रोहन भटनागरने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चातबाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती केछीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खघ्रैत कुमार, नरेश हनीग्रोवर, सौरभ बाँगा, डी. के. करगेती, सौरभ अग्रवाल, पंकज ग्रोवर, अभिषेक चिलाना, अमित अरोरा, प्रदीप कालरा, गोविंद राम, अशोककालरा, प्रदीप अनेजा, रजत चावला, रोहन भटनागर, हरीश साहनी, राकेश बाँगा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त मौजूद थे।

# सांसद खेल स्पर्धा के तहत हाफ मैराथन दौड़ आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मिनी स्टेडियम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं महापौर डॉ.जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला द्वारा सांसद खेल स्पर्धा का शुभारम्भ किया। श्री भट्ट ने अपने सम्बोधित कहा कि सांसद खेल स्पर्धायें जी-20 समिट को समर्पित है। इसका नाम 'रन फॉर जी-20' रखा गया है। उन्होंने कहा सांसद खेल स्पर्धा तथा खेल विभाग की आपसी समन्वय से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इसी तरह के सभी खेलों का आयोजन कराया जाएगा। मैराथन दौड़ में सीनियर पुरुष,



सीनियर महिला, जूनियर बालक- बालिका जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी रशिका सिद्दीकी, उप कीड़ा अधिकारी बबीता बिष्ट, जानकी, स्टेडियम के समस्त कोच तिलोक जीना, विनय जोशी, गौरव खोलिया, मुकेश पाल, आनंद सिंह, महेश बिष्ट, कार्यक्रम संयोजक हेमंत नरूला , सह संयोजक विनीत अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, किशोर जोशी, मुकेश बेलवाल आदि वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बहुद्देशीय शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा( उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा दिये गये वृद्धावस्था, दिव्यांग, किसान पेंशन, अटल आवास योजना के आवेदन वितरित किये गये तथा 19 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड विभाग के एक लाभार्थी की शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया।शिविर में मंडी चेयरमैन नन्दन सिंह खड़ायत, खण्ड



निर्देशों के क्रम में शनिवार को विकास खण्ड खटीमा के अन्तर्गत ग्राम दियां में बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा 8 दिव्यांगजनों के बस यात्रा पास बनाये गये, बनाये गये। ग्राम विकास विभाग द्वारा 33 बीपीएल कार्ड बनाये गये। उद्यान विभाग द्वारा 3 किग्रा सब्जी बीज वितरित किये गये। पशुपालन, श्रम, कृषि विभाग द्वारा सम्बन्धितों को योजनाओं की जानकारी दी गयी। पूर्ति विकास अधिकारी असीत आनन्द, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, बाल विकास अधिकारी एवं पीसी जोशी, सतीश चौहान, सतपाल बत्रा आदि उपस्थित थे।

# लाभार्थियों को मुख्यमंत्री राहत कोष के चेक वितरित

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री राहत कोष से निर्धन वर्ग के लोगों को अपने कैम्प कार्यालय पर आर्थिक सहायता चेक वितरित किये। विधायक शिव अरोरा लगातार रुद्रपुर क्षेत्र में जरूतमद लोगों को कन्या विवाह और बीमारी इलाज हेतु चौक बटाने का कार्य कर रहे। इससे पहले भी विधानसभा में अलग अलग स्थानो पर चौक वितरण कार्य हो चुका है। विधायक द्वारा तीस लोगों को आर्थिक सहायता चौक बाटे गये जिसमे इंद्रा कॉलोनी, गांधी कालोनी रेशम बाड़ी शिमला बहादुर, खेड़ा भूतबंग्ला के लोग शामिल रहे।



# महाराणा प्रताप मार्ग का मेयर ने किया उद्घाटन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अमर योग क्लब के अशोक कालरा एवं शहर के प्रतिष्ठित फुटेला परिवार के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस महाराणा प्रताप मार्ग, फुटेला चौक पर बड़ी धूमधाम से मनाया अपने बोर्ड पर महाराणा प्रताप मार्ग लिखने की अपील की। मेयर रामपाल ने फुटेला चौक पर ध्वजारोहण किया गया, राष्ट्रगान हुआ इसके उपरांत फुटेला परिवार की तरफ से मिष्ठान प्रसाद एवं स्नेहा मिड्ढा को समानित किया गया । अमर योग क्लब के सदस्यों विजय सूरी,राजीव ग्रोवर, मनोज बठला,राजेश आनंद, सुनील आनंद, जतिन नागपाल, राजकुमार सीकरी एवं नरेश घई द्वारा अजय फुटेला, अमन फुटेला करण फुटेला, कमल फुटेलाकृष्णा फुटेला माधव फुटेला एवं अमर योग क्लब के संस्थापक अशोक अदलखा, गुलशन नारंग बाबू ढींगरा,सतीश ढींगरा,सतीश






गया। इस अवसर पर मेयर रामपाल द्वारा महाराणा प्रताप मार्ग का फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया।उन्होंने कहा कि आज के बाद यह मार्ग महाराणा प्रताप मार्ग के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों से वितरित किया गया। इस अवसर पर फुटेला परिवार द्वारा उस क्षेत्र की दो वरिष्ठतम महिलाओं रामवती देवी एवं पूर्णिमा देवी को बुके देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, अमर योग क्लब द्वारा समाजसेवी सुरेंद्र मिड्ढा राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर माहौल को राष्ट्र भक्ति में रंग दिया, भावना नागपाल ने बहुत ही सुंदर वक्तव्य देकर हमे देश हित में कार्य करने को प्रेरित किया। इस अवसर पर फुटेला परिवार के विजय फुटेला, शिवम फुटेला, सागर फुटेला, मिड्ढा, सतीश घीक, सनी अरोरा, हरीश अरोरा पिन्नी, सोनू कपूर, प्रदीप कालरा, जुगनू अरोरा, रवि काकरान, प्रभास स्वर्णकार, हरीश जुनेजा, प्रकाश मोर्या हरीश गुंबर, राकेश अरोरा, सुरेश सिधर शम्मी चनहंस आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर गहतोड़ी का स्वागत

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर पूर्व मंडी चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेता केडी गहतोड़ी का पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत कर मिष्ठान वितरण किया। केडी गहतोड़ी का कार्यकारणी सदस्य बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। केडी गहतोड़ी ने कहा कि संगठन द्वारा जो



जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसका वह निष्ठा से निर्वहन करते हुए क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने संगठन आभार व्यक्त किया। प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास का पहिया तेजी से दौड़ रहा है, युवा पीढ़ी का रुझान भाजपा की ओर बढ़ रहा है। स्वागत करने वालों में पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, प्रदेश मंत्री तरनजीत सिंह रानू, मंडल अध्यक्ष धूव सिंह राणा, मोहित अग्रवाल, ओम नारायण राणा, सुमित जोशी, उमेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, गुरविंदर सिंह मोमी, विकास गुलाटी, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पिकअप चोरी करने वाले दो नशेड़ियों को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पिकअप चोरी कर फरार हुए दो नशेड़ी चोरों को पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सूचना मिलने के छह घंटे में ही वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 27 जनवरी को चन्दन लाल आर्या निवासी बरेली रोड द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि अज्ञात चोरो द्वारा उनकी बरेली रोड स्थित दुकान के बाहर खड़ी पिकअप गाड़ी संख्या यूके 04 सी ए 7978 को 26 जनवरी की रात्रि चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्यवाही करते हुए हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में सीसीटीवी कैमरों को चौक किया गया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि चोरो द्वारा उक्त वाहन को हल्द्वानी में ही अलग अलग लोकेशन पर छुपाया जा रहा है। वाहन चोरी के खुलासे हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करते हुए उसके आधार पर मुखबिर की सूचना पर



चोरी के पिकअप सहित 02 अभियुक्तो को आईटी रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पता दीपक कश्यप पुत्र हरिओम कश्यप निवासी वार्ड न0 1 गाँधीनगर व विक्की बाल्मिकी उर्फ दद्दी पुत्र आनन्द प्रकाश बाल्मिकी निवासी अम्बेडकर नगर बताया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनो वाहन चोर पूर्व में चोरी तथा लूट के मामलों में जेल जा चुके हैं। घटना का शीघ्र अनावरण करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच हजार रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई। पुलिस टीम में व0उ0नि0 विजय मेहता, उ0नि0 जगदीप नेगी, कानि0 भूपाल सिहं, हितेन्द्र वर्मा, अरूण राणा,वंशीधर जोशी व अनिल जौहरी शामिल थे।

# महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किये जाने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने राज्य में सरकारी नौकरी में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किये जाने पर मुख्यमंत्री श्री धामी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि कोई राज्य एवं समाज तभी विकसित हो सकता है, जब हमारी मातृशक्ति सशक्त हो। प्रदेश सरकार ने राज्य में महिलाओं को नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को बरकरार रखने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, खेल, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगातार तेजी से आगे बढ़ रही हैं। राज्य के निर्माण में महिलाओं का योगदान



भुलाया नहीं जा सकता है। एक विकसित समाज की नींव महिलाओं को सशक्त बनाने से ही रखी जा सकती है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य में महिला सशक्तीकरण के साथ ही युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। भर्ती प्रक्रियाओं में गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है एवं राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून बनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजयुमो सुश्री नेहा जोशी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा श्रीमती आशा नौटियाल, महामंत्री महिला मोर्चा श्रीमती गीता रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा नेहा शर्मा, श्रीमती रुचि भट्ट, श्रीमती कमली भट्ट, श्रीमती गीता चमोली, श्रीमती सरला खंडूड़ी, श्रीमती विमला नौटियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर जिले में मतदाताओं की संख्या बढ़ने पर तीन जांच समितियों का गठन किया

देहरादून। उत्तराखंड के मैदानी जनपदों की 10 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2022 तक के विधानसभा चुनावों के दौरान बनी मतदाता सूची में इन विधानसभा क्षेत्रों में 41 से 72 प्रतिशत तक मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई है। ये सभी विधानसभा क्षेत्र मैदानी जिलों के हैं। मतदाताओं की संख्या में इस असामान्य वृद्धि को भारत निर्वाचन आयोग ने भी गंभीरता से लिया है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने इसकी जांच को तीन समितियों का गठन किया है। जिला, विधानसभा क्षेत्र और मतदान केंद्र स्तर पर गठित ये समितियां मतदाता सूची की विस्तृत जांच करेंगी। यह भी देखा जाएगा कि पंजीकृत मतदाता वहां वर्तमान में निवास कर रहे हैं अथवा नहीं। समितियां 28 फरवरी तक अपनी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को सौंपेंगी। उत्तराखंड में वर्ष 2012 के विधानसभा चुनावों के दौरान राज्य में 63,77,330 मतदाता पंजीकृत थे। वर्ष 2022 में यह संख्या बढ़कर 82,66,644 हो गई। यानी दस साल में 18.89 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई जो वर्ष 2012 तक पंजीकृत मतदाताओं के सापेक्ष 30 प्रतिशत अधिक है। इनमें भी सबसे अधिक मतदाता ऊधमसिंह नगर जिले में बढ़े हैं। विधानसभा क्षेत्र की दृष्टि से सबसे अधिक 72 प्रतिशत मतदाताओं की वृद्धि देहरादून जिले के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिली है। विधानसभा सीटों पर मतदाताओं की संख्या में तेजी से हुई बढ़ोत्तरी के संबंध में रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष व पूर्व आइएफएस अधिकारी डा वीके बहुगुणा ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा था। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विषय की जांच कराई जा रही है। इसके लिए तीन समितियों का गठन करने को कहा गया है। सभी से समितियों का गठन करते हुए जांच आख्या 28 फरवरी तक कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक मतदाता धर्मपुर ,रुद्रपुर, डोईवाला, सहसपुर, कालाढूंगी, काशीपुर, रायपुर, किच्छा, भेल रानीपुर, ऋषिकेश मे बढ़े है। प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में हुई असामान्य बढ़ोत्तरी कहीं न कहीं प्रदेश में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव को भी परिलक्षित कर रही है। कारण यह कि मतदाताओं की संख्या में सबसे अधिक बढ़ोत्तरी मैदानी जिलों में देखने को मिली है। जहां पिछले कुछ वर्षों में जनसांख्यिकीय बदलाव को महसूस किया गया है। इसके साथ ही राजनीतिक हित, मतदाता बनाने में निर्वाचन आयोग की सक्रियता, युवा मतदाताओं का जागरूक होना भी इसके अन्य कारकों में शामिल हो सकते हैं। निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची में असामान्य बढ़ोत्तरी के संबंध में दी गई शिकायत में भी जनसांख्यिकी बदलाव को देखते हुए जांच की मांग की गई है।

# ई चौपाल में डीएम ने सुनी ग्राम पहेनिया के लोगों की समस्याएं

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने शनिवार को जिला कार्यालय से ई-चौपाल के माध्यम से विकासखण्ड खटीमा के ग्राम पहेनिया की समस्याएं सुनी। ई-चौपाल में कुल 22 समस्याएं दर्ज हुई, जिसमें से 16 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ई-चौपाल में सर्वाधिक समस्याएं पीएम किसान सम्मान निधि, सामाजिक पेंशन, जल निकासी आदि से सम्बन्धित थीं। शब्बीर अहमद ने भू-माफियाओं द्वारा भूमि खरीद में धोखाधड़ी करने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को सम्बन्धितों के विरूद्ध तत्काल मुकदमा दर्ज कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने धोखाधड़ी के शिकार व्यक्ति की धनराशि भी वापस कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिये। सुशीला देवी ने आंगनबाड़ी केन्द्र का दरवाजा क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की जिसपर जिलाधिकारी ने एक दिन के भीतर दरवाजा सही कराते हुए फोटोग्राफ उप जिलाधिकारी के नम्बर पर व्हाट्सअप करने के निर्देश सीडीपीओ



को दिये। मोले सिंह, मानवती देवी ने वृध्द्धावस्था पेंशन, कमला देवी, सुनीता देवी ने विधवा पेंशन स्वीकृत कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्धारित प्रारूप पर आवेदन भरवाने के साथ ही सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए सभी पात्रों को पेंशन का लाभ दिलाने के निर्देश जिला समाज कल्याण अधिकारी को दिये। मोले सिंह, श्रीमन्ती, रूस्तम सिंह, जगत सिंह, विजय सिंह, सुरजीत सिंह, नारायण सिंह, बाबू सिंह, रामचरण सिंह, मदन ने पीएम किसान सम्मान निधि की धनराशि प्राप्त न होने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियों से मौके पर ही सम्बन्धितों के खातों की जांच कराई, जांच पर पाया गया कि किसानों के एक से अधिक खाते आधार लिंक होने के कारण किस्त की राशि दूसरे खातों में स्थानान्तरित हुई है, जबकि किसानों की केवाईसी न होने के कारण किस्त की राशि खातों में नहीं पहुँच पाई है। जिलाधिकारी ने समस्या निस्तारण हेतु न्याय पंचायत स्तर पर कैम्प आयोजित कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही दुर्गेश सिंह आरसीसी रोड निर्माण, उग्रसेन ने रोड निर्माण आदि की मांग की। ई-चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, आईएएस ट्रेनी अनामिका, उप जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, मुख्य कृषि अधिकारी वीके वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी शामिल थे।

# भारतीय जीवन बीमा निगम ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

गरुड़ (उद संवाददाता)।भारतीय जीवन बीमा निगम की बागेश्वर शाखा ने खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ में स्टूडेंट ऑफ द ईयर सम्मान समारोह आयोजित किया। इस मौके पर मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्या भारती के संभाग निरीक्षक सुरेशानंद जोशी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी हैं। उन्होंने



कहा कि विद्या भारती के स्कूल शिक्षा के साथ संस्कार भी देने का काम कर रहे हैं। एलआईसी बागेश्वर के प्रबंधक एमएस भीमा ने कहा कि बच्चे एक निर्धारित लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें, सफलता अवश्य मिलती है। इस मौके पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त अभय उपाध्याय व आदित्य बड़सीला समेत विभिन्न कक्षाओं के एक दर्जन से अधिक मेधावी बच्चों को एलआईसी ने सम्मानित किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने की तथा संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक विपिन चंद्र तिवारी, एलआईसी के एबीएम सीएस बिष्ट, हरीश कुमार आदि मौजूद थे।

# उपवा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड पुलिस परिवारों के कल्याण हेतु गठित उत्तराखण्ड पुलिस वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन जिलाअध्यक्ष नीमा राणा, के नेतृत्व में



पुलिस लाईन बागेश्वर में पुलिस परिवार के बच्चों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उपवा अध्यक्षा नीमा राणा ने सभी महिलासदस्यों को उनके पारिवारिक कल्याण और सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पुलिस परिवार की महिलाओं को एकजुट होकर विभिन्न प्रकार के आत्मनिर्भर बनाने वाले कौशल विकास की योजनाओं से आजीविका हेतु भी कार्य करने की बात कही,वही पुलिस द्वारा महिलाओं को ब्यूटी पार्लर, सिलाई, सहित कौशल विकास के लिए विभिन्न आधुनिक कौशलों का प्रशिक्षण सीखने का कार्य किए जाने, की बात कही।प्रतियोगिताओं में पुलिस परिवार के बच्चों के मध्य 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, नींबू दौड़ आदि का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिसार निरीक्षक शिवराज सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर शिवराज सिंह राणा द्वारा पुरुस्कृत किया गया। पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा जिले की उपवा की महिला सदस्यों द्वारा किए जा रहे विभिन्न क्रियाकलापों की सराहना की गई। उपवा अध्यक्षा ड़ा.अलकनन्दा अशोक द्वारा बागेश्वर पुलिस एवं समस्त उपवा परिवार का आभार जताया गया।

# अनेक लोगों ने ली भीम आर्मी की सदस्यता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भीम आर्मी की एक सभा गोलछा कंपाउंड स्थित भीम आर्मी जिला कार्यालय में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता आर टम्टा जी ने व संचालन नफीस अहमद खान ने किया। सभा में मोहम्मद आरिफ के नेतृत्व में आफताब अहमद, बबलू, ललित बहेलिया, मोहम्मद आसिफ, दीपक कश्यप, मोहम्मद उवैस अंसारी, मोहम्मद राशिद रजा, मोहम्मद शाकिर खान, आकाश जायसवाल, तहसीम हुसैन, असलम खान, मोहम्मद अय्यूब, आदि लोगों ने भीम आर्मी की सदस्यता ग्रहण की। सभा को संबोधित करते वक्ताओं ने कहा कि भीम आर्मी का मुख्य उद्देश्य शोषित वंचित और पिछड़े हुए समाज के हक और हुकूक की संवैधानिक तरीके से रक्षा करना तथा सरकारों द्वारा संविधान को खत्म किए जाने की साजिश को नाकाम करते हुए संविधान की रक्षा करना है।




बाबा साहेब ने कहा था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, और संघर्ष करो। इसलिए भीम आर्मी का गठन किया गया है कि हम सब लोग संगठित होकर समाज में सबसे पिछड़े अंतिम व्यक्ति तक के हकों की लड़ाई लड़ सकें और उसको न्याय दिला सकें। नगर अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि जितने भी साथी संगठन से जुड़े हैं उनसे और भीम आर्मी के सभी साथियों से वादा करते हैं कि जरूरत पड़ने पर वह हर संभव सबके बीच उपलब्ध रहेंगे। सभा में सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, जीआर टम्टा, सुलेमान मालिक, इशरतउलाह सैफी, हरीश लोधी, विकास कुमार, रितिक कांत,असलम खान आदि मोजूद थे।

# 25 दिन के प्रशिक्षण में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं की मिलेगी जानकारी

## बेटियों को भर्तियों में दक्षता के लिए बागेश्वर की डीएम अनुराधा पाल ने की अनूठी पहल

बागेश्वर (उद संवाददाता)। बागेश्वर की डीएम अपने अलग अलग जनहितकारी निर्णयों और जनमानस के लिए कार्य करने के लिए जानी जाने लगी है।डीएम अनुराधा पाल ने उत्तरायणी मेले को भव्य बनाने,सहित अन्य विशेष कार्यो के अलावा अब बेटियों को विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में दक्ष बनाने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिलाओं हेतु फोरेस्ट गार्ड,पटवारी भर्ती,अग्निवीर भर्ती,पुलिस भर्ती प्रशिक्षण दिया जाएगा।बालिकाओं के क्षमता निर्माण हेतु जिलाधिकारी अनुराधा पाल की पहल पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बालिकाओं को 25 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम बागेश्वर ,कपकोट एवं गरुड़ में दिया जाएगा। 50-50 बालिकाओं हेतु आयोजित किया जाएगा। इच्छुक बालिकाएं जीवन चन्द्र पाण्डे (प्रशिक्षक) 9012143847 को संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकती है। बालिकाओं का रजिस्ट्रेशन हेतु उपरोक्त परीक्षाओ में किए गए आवेदन के आधार पर ही किया जायेगा। बालिकाओं को फोरेस्ट गार्ड,पटवारी परीक्षा हेतु आवेदन किये जाने का प्रमाण रजिस्ट्रेशन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य बालिकाओं को रिक्त स्थान होने की दशा में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर रजिस्टर्ड किया जायेगा।18 से 22 आयु वर्ग की बालिकायें रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं।



# उत्तरायणी मेले के समापन के बाद नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में चला सफाई अभियान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। उत्तरायणी मेले के समापन के बाद सेक्टर और नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों में पर्यावरण मित्रों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया गया।डीएम अनुराधा पाल की पहल पर अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन को साकार करने के लिए अपने आसपास कूड़ा ना करने, कूड़ा निस्तारण की उपर्युक्त व्यवस्था करने की शपथ ली, अधिकारियों ने नगर के अग्निकुंड, सूरजकुंड, सरयू बगड़, जिला अस्पताल के समीप भोटिया मार्केट, सहित अन्य स्थानों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सफाई अभियान में मुख्य कृषि अधिकारी एसएस सिंह, पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा, एलआईयू प्रभारी अनिल नयाल, पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्या, उद्यान अधिकारी आर के सिंह, फायर बिग्रेड प्रभारी गोपाल सिंह रावत, पूर्ति निरीक्षक पीएस नेगी सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने अलग अलग स्थानों पर सफाई अभियान चलाया, वही नगर में फैले कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण किया,इस दौरान पुलिस, सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# प्रवर्तन निदेशालय की सक्रियता

जांच एजेंसियां अपने दायरे को भूल कर अगर अनावश्यक रूप से सक्रिय हो उठें, तो उन पर स्वाभाविक ही सवाल उठते हैं। प्रवर्तन निदेशालय की सक्रियता को लेकर भी काफी समय से सवाल उठ रहे थे कि वह अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम कर रहा है। अब दिल्ली उच्च न्यायालय ने उसकी सीमा रेखा बता दी है। अदालत ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय को केवल धनशोधन संबंधी मामलों में कार्रवाई का अधिकार है। वह अनुमान के आधार पर कोई मामला तय नहीं कर सकता। अगर किसी मामले में अनुमान के आधार पर कार्रवाई की गई है, तो उस पर संबंधित अधिकारियों को कानून के तहत सुनवाई करनी होगी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने यह आदेश जिन याचिकाओं की सुनवाई करते हुए दिया है, उनमें धनशोधन को लेकर कोई तथ्य प्रकट नहीं था, यहां तक कि सीबीआइ ने भी ऐसा तथ्य उजागर नहीं किया था। धनशोधन अधिनियम के तहत प्रवर्तन निदेशालय को एक करोड़ या इससे ऊपर के मामलों में ही जांच का अधिकार है, मगर उसने दूसरे विभागों के अधिकार क्षेत्र में प्रवेश कर बहुत सारे मामलों की जांच की है। इसका नतीजा यह है कि उनमें से बहुत कम मामलों में मुकदमा दर्ज हो सका है, बाकी मामलों को बिना किसी फैसले के छोड़ना पड़ा। दिल्ली उच्च न्यायालय के इस आदेश से बहुत सारे लोग इसलिए संतोष अनुभव कर रहे हैं कि पिछले कुछ सालों में प्रवर्तन निदेशालय ने अनेक ऐसी जगहों पर छापे मारे, जहां उसे जाने की जरूरत नहीं थी। कई जगहों पर उसने आय से अधिक संपत्ति के मामलों में भी दखल दी, सिर्फ इस अनुमान के आधार पर कि वहां धनशोधन से जुड़ा मामला हो सकता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में स्पष्ट कर दिया है कि अगर दूसरी जांच एजेंसियों को कोई ऐसा मामला हाथ लगता है, तो वे उसे सौंप सकती हैं, इसी तरह अगर प्रवर्तन निदेशालय को कोई ऐसा तथ्य हाथ लगता है, जो दूसरी एजंसियों के अधिकार क्षेत्र में आता है, तो वह उन्हें सौंप देगा, न कि खुद उन पर कोई फैसला करेगा। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने भी प्रवर्तन निदेशालय के जब्ती, गिरफ्तारी जैसे अधिकारों को उचित ठहराते हुए उसके अपने दायरे में रह कर काम करने के अधिकार को रेखांकित किया था, पर उसकी सक्रियता में कमी नहीं आई। इसलिए दावा करना मुश्किल है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश से वह कितना सबक लेगा। दरअसल, पिछले कुछ सालों में जिस तरह सीबीआइ, प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने लक्ष्य करके कई लोगों पर छापे डाले, उससे यह कहा जाने लगा था कि ये एजंसियां सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। इस तरह वे अपने दायरे से बाहर जाकर भी काम कर रही हैं। उनका मकसद मामले की जांच करने से अधिक लोगों को परेशान करने का है। हालांकि ये आरोप नए नहीं हैं, सभी सरकारों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं। मगर जब कार्रवाइयों में बदले की भावना अधिक बढ़ जाती है, तो उन्हें लेकर आक्रोश फूटता ही है। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई थी। मगर ऐसी गुहारों पर प्रवर्तन निदेशालय या दूसरी जांच एजेंसियों के कानूनी अधिकार सीमित नहीं किए जा सकते। पर कानून इस तरह उन्हें यह अधिकार भी नहीं देता कि वे अपनी मर्जी से किसी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे बदनाम और परेशान करें या किसी तरह का अनावश्यक दबाव बनाएं। प्रवर्तन निदेशालय के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का ताजा आदेश एक सबक है।

# रंत रैबार संस्था का करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

यमकेश्वर(उद संवाददाता)। यमकेश्वर विधानसभा के जनता इण्टर कॉलेज किमसार के सभागार में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए करियर गाइडेंस व काउंसलिग कार्यक्रम हुआ। इस दौरान करियर काउंसलर व शिक्षाविद्वों ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। रंत रैबार संस्था द्वारा जनता इण्टर कॉलेज किमसार में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के 12वीं पास करने के बाद किन क्षेत्रों में करियर बनाया जा सकता है, इस संबंध में करियर काउंसंलरों द्वारा जानकारी दी गई। जिसमें डिफेंस में एनडीए,नेवी, एयर फोर्स, जीड़ी में किस तरह से आवेदन किया जाता है और किस तरह की तैयारी की जाती है। इसी तरह से मेडिकल एवं पैरामैडिकल, नर्सिग क्षेत्र से संबंधित विभिन्न कोर्सो में कैसे प्रवेश लिया जाता है और आगे इनमें किस तरह से कैरियर की संभावनायें हैं विस्तृत चर्चा की गयी। दून डिफेंस कैरियर प्वाइंट के निदेशक जेपी नौटियाल ने बताया कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह मालूम नहीं है। उन्होंने छात्रों को बताया कि आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह जानना बहुत जरूरी है। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होने बताया कि डिफेंस में कैरियर कैसे बनाया जाता है। जेपी नौटियाल ने विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि एनडीए में फार्म भरने से लेकर अतिंम चयन तक छात्र-छात्राओं को कैसे तैयारी करनी है के बारे विस्तार से समझाया, साथ ही उन्होंने कहा कि यदि इस विद्यालय का कोई भी



छात्र या छात्रा जो भी डिफेंस या एनडीए में जाना चाहता है वह मुझसे सम्पर्क कर सकता है, उसे चार माह का निशुल्क कोंचिग उपलब्ध करायी जायेगी। ाजकीय नर्सिंग कॉलेज गोपेश्वर की प्राचार्य डॉ ममता कपरूवान ने छात्र-छात्राओं को नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल, पैरामैडिकल, और नर्सिग मे कैरियर बनाने के लिए बहुत बड़ा क्षेत्र है। उन्होने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि यदि आप मेडिकल क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो कक्षा 10वीं में ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं, और अपने लक्ष्य को साधने के लिए आप अपना पूरा ध्यान केन्द्रित करते हुए मेडिकल क्षेत्र में अपना भविष्य निर्धारित कर सकते हो। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विघ्द्यार्थियों में भी प्रतिभायें हैं और उन प्रतिभाओं को सही दिशा दी जानी जरूरी है। कैरियर कांउसिल करने से प्रतिभायें जिनको अभी अपना लक्ष्य नहीं मालूम है,वह अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपना कैरियर चुन सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे सभी नर्सिग एवं पैरामैडिकल कोर्सों में किस तरह से प्रवेश लिया जाता है क्या योग्यता होनी चाहिए और उनमें विघ्द्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित है के सन्दर्भ में विस्तृत संवाद किया। उन्होंने कहा कि रंत रैबार संस्था द्वारा किया गया यह प्रयास दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आने वाले समय में एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा और इस तरह के कार्यक्रमों को किये जाने की आवश्यकता बताई, ताकि छात्रों को अपने कैरियर चुनने में आसानी हो। राजेन्द्र सिंह रावत एवं उनकी पत्नी सुषमा रावत निवासी ग्राम दिउली ने जनता इण्टर कॉलेज के कक्षा 06 से कक्षा 8 के छात्रों हेतु दिये गये स्कूल बैग रंत रैबार संस्था को उपलब्ध कराये थे, उन बैगों को संस्था के द्वारा विद्यालय के छात्रों को वितरित किया गया जिससे सभी जरूरत मंद छात्र-छात्रायें लाभान्वित हुए। रंत रैबार संस्था से जुड़े हरीश कण्डवाल मनखी एवं सभी सदस्यों तथा विद्यालय के प्राचार्य एवं सभी षिक्षकों ने रावत दम्पत्ति का आभार व्यक्त किया।

# टीएमयू के स्टुडेंट्स ने सीखीं फीटल ईको कॉर्डिग्राफी की बारीकियां

मुरादाबाद(उद ब्यूरो)।लंदन और सिंगापुर से प्रशिक्षित डॉ. कृष्ण गोपाल ने फीटल मेडिसिन-भ्रूण चिकित्सा की लेटेस्ट गाइडलाइंस पर विस्तार से चर्चा करते हुए डॉ. गोपाल ने फीटल मेडिसिन में स्पेशलाइल्ड तकनीक- फीटल ईको कॉर्डिग्राफी की बारीकियां भी बताईं। उन्होंने फीटल इको कॉर्डिग्राफी पर स्टुडेंट्स को डेमो भी करके दिखाया। उन्होंने कंजेनिटल एनामोली- जन्मजात विकृति के बारे में भी चर्चा की। भ्रूण के पूर्ण विकास के लिए और उसमें होने वाली विकृतियों को जानने के लिए उन्होंने विभिन्न प्रकार के जेनेटिक टेस्ट करने के विभिन्न प्रमाणिक तरीकों को भी विस्तार से बताया। डॉ. गोपाल तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के रेडियोलॉजी विभाग की ओर से रेडकॉन-2023 के तहत फीटल मेडिसिन पर आयोजित सीएमई में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व डॉ. कृष्ण गोपाल ने बतौर मुख्य वक्ता, रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा बतौर गेस्ट आफ ऑनर, मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. एसके जैन बतौर मुख्य अतिथि ने संग- संग मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके सीएमई का शंखनाद किया। रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा ने सीएमई के महत्व को बताते हुए कहा, एजुकेशन के सभी क्षेत्रों में रिसर्च को वरीयता दी जानी चाहिए। मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. एसके जैन बोले, ऐसे प्रोग्राम्स कॉलेजों में समय-समय पर होते रहने चाहिए। इन प्रोग्राम्स से स्टुडेंट्स की बेहतर ट्रेनिंग और प्रैक्टिस होती है। सीएमई में रेडियोलॉजी विभाग के एचओडी प्रो. सतीश पाठक और डॉ. अर्जित अग्रवाल ने फीटल सोनोग्राफी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से चर्चा की। डॉ. राजुल रस्तोगी ने मेडिको लीगल इस्यूज इन फीटल मेडिसिन पर चर्चा की। उन्होंने स्टुडेंट्स को सोनोग्राफी में क्या करना है और क्या नहीं करना है इसके बारे में भी जानकारी दी। सीएमई में क्विज प्रतियोगिता भी हुई। क्विज प्रतियोगिता में अंतरप्रीत कौर और प्रियंका सिंह की टीम विजेता रही, जबकि अमित अग्रवाल और तान्या जैन की टीम दूसरे स्थान पर रही। इस मौके पर सवाल-जवाब का दौर भी चला। मुख्य अतिथि ने स्टुडेंट्स के सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। सीएमई में शहर के जाने-माने रेडियोलोजिस्ट-डॉ. विनय कुमार गुप्ता, डॉ. आरके जैन, डॉ. नीनू कपूर, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. कजली गुप्ता के संग-संग सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ से डॉ. मुक्ता मित्तल, शारदा यूनिविर्सिटी, नोएडा से डॉ. विशाल गुप्ता आदि की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। संचालन फैकल्टी डॉ. श्रुति चांडक स्टुडेंट्स अंतरप्रीत कौर और रचना गुप्ता ने किया।

# अनियोजित विकास की परिणति बना जोशीमठ भू धंसाव

## उत्तराखंड में जल विद्युत संयंत्रों और रेल परियोजनाओं की सुरंगों के निर्माण से खोखले हो रहे हिमालय के पहाड़

समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में जल विद्युत संयंत्र और रेल परियोजनाओं की बाढ़ आई हुई है। इन योजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र में रेल गुजारने और कई हिमालयी छोटी नदियों को बड़ी नदियों में डालने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है। इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखरों पर स्थित गांव दरकने लगे हैं, जिनपर हजारों साल से मानव बसाहटें अपने ज्ञान-परंपरा के बूते जीवन-यापन करने के साथ हिमालय और वहां रहने वाले अन्य जीव-जगत की भी रक्षा करते चले आ रहे हैं। हिमालय और पृथ्वी सुरक्षित बने रहें, इस दृष्टि से कृतज्ञ मनुष्य ने अथर्ववेद में लिखे पृथ्वी-सूक्त में अनेक प्रार्थनाएं की हैं। यह सूक्त राष्ट्रीय आवधारणा एवं वसुधैव कुटूम्कम् की भावना को विकसित, पोषित एवं फलित करने के लिए मनुष्य को नीति और धर्म से बांधने की कोशिशें की हैं। लेकिन हमने कथित भौतिक सुविधाओं के लिए अपने आधार को ही नष्ट करने का काम आधुनिक विकास के बहाने कर दिया। जोशीमठ इसी अनियोजित विकास की परिणति है। उत्तराखंड के चमौली जिले में आने वाले जोशीमठ शहर ने कई अप्रिय कारणों से नीति-नियंताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों से जोशीमठ के बारह दिनों में 5.4 सेंटीमीटर हिमालय के गर्भ में घंस जाने की चिंता जताई है। सिमटती धरती की इन प्रामाणिक सच्चाईयों को छिपाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार ने अंतरिक्ष एजेंसी समेत कई सरकारी संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे मीडिया के साथ जानकारी साझा न करे। नतीजतन इसरो की बेवसाइट से धरती के धंसने के चित्र हटा दिए गए। सरकार का यह उपाय भूलों से सबक लेने की बजाय उनपर धूल डालने जैसा है। जब हिमालय का पारिस्थितिकी तंत्र ने धरती को हिलाकर नाजुक बना दिया है और घरों में दरारें पड़ने के साथ आधारतल घंस रहा है, तब लोगों को जीवन-रक्षा से जुड़ी सच्चाईयों को क्यों छुपाया जा रहा है ? दरअसल भारत सरकार और राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद हठपूर्वक पर्यावरण के विपरीत जिन विकास योजनाओं को चुना है, उनके चलते यदि लोग अपने गांव और आजीविका के संसाधनों को खो रहे हैं, तो ऐसी परियोजनाएं किसलिए और किसके लिए ? अब रेल और बिजली के विकास से जुड़ी कंपनियां दावा कर रही हैं कि धरती निर्माणाधीन परियोजनाओं से नहीं धंस रही है, लेकिन किन कारणों से धंस रही है, इसका उनके पास कोई उत्तर नहीं है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन जो इस क्षेत्र में तपोवन विष्णुगढ़ जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है, उसकी बिजली उत्पादक कंपनी ने पत्र लिखकर दावा किया है कि इस क्षेत्र की जमीन धंसने में उसकी परियोजनाओं की कोई भूमिका नहीं है। उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजार करोड़ की जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जा रहा है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए बुनियाद हेतु गहरे गड्ढे खोदकर खंबे व दीवारें खड़े किए जाते हैं। कई जगह सुरंगे बनाकर पानी की धार को संयंत्र के पंखों पर डालने के उपाय किए गए हैं। इन गड्ढों और सुरंगों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों की दरारों को खाली कर देता है और पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं, उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन तेज बारिश के चलते पहाड़ों के ढहने और हिमखंडो के टूटने की घटनाएं पूरे हिमालय क्षेत्र में लगातार बढ़ जाती हैं। यही नहीं कठोर पत्थरों को तोड़ने के लिए भीषण विस्फोट भी किए जाकर हिमालय को हिलाया जा रहा है। गोया, प्रस्तावित सभी परियोजनाएं कालांतर में अस्तित्व में लाए जाने के उपाय जारी रहते हैं तो हिमालय का क्या हश्र होगा कहना मुश्किल है ? हिमालय में अनेक रेल परियोजनाएं भी निर्माणाधीन है। सबसे बड़ी रेल परियोजना उत्तराखंड के चार जिलों (टेहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली) के तीस से ज्यादा गांवों को भी विकास की कीमत चुकानी पड़ रही है। छह हजार परिवार विस्थापन के दायरे में आ गए हैं। रुद्रप्रयाग जिले के मरोड़ा गांव के सभी घर दरक गए है। रेल विभाग ने इनके विस्थापन की तैयारी कर ली है। यह तो शुरूआत है, लेकिन ये विकास इसी तरह जारी रहते हैं तो बर्बादी का नक्षा बहुत विस्तरित होगा। दरअसल ऋशिकेश से कर्णप्रयाग रेल परियोजना 125 किमी लेगी है। इसके लिए सबसे लंबी सुरांग देवप्रयाग से जनासू तक बनाई जा रही है, जो 14.8 किमी लंबी है। केवल इसी सुरंग का निर्माण बोरिंग मशीन से किया जा रहा है। बांकी जो 15 सुरंगे बन रही हैं, उनमें ड्रिल तकनीक से बारूद लगाकर विस्फोट किए जा रहे हैं। इस परियोजना का दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ के बजाय अब पीपलकोठी तक होगा। भू-गर्भीय सर्वेक्षण के बाद रेल विकास निगम ने जोशीमठ क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को परियोजना के अनुकूल नहीं पाया था। इसलिए अब इस परियोजना का अंतिम पड़ाव पीपलकोठी कर दिया है। जो एक अच्छी पहल है। हिमालय की ठोस व कठोर अंदरूनी सतहों में ये विस्फोट दरारें पैदा करके पेड़ों की जड़े भी हिला रहे हैं। अन्य जिलों के श्रीनगर, मलेथा, गौचर ग्रामों के नीचे से सुरंगें निकाली जा रही हैं। इनमें किए जा रहे धमाकों से घरों में दरारें आ गई हैं। वैसे भी पहाड़ी राज्यों में घर ढलानयुक्त जमीन पर ऊंची नीम देकर बनाए जाते हैं। जो निर्माण के लिहाज से ही कमजोर होते हैं। ऐसे में विस्फोट इन घरों को ओर कमजोर कर रहे हैं। हिमालय की अलकनंदा नदी घाटी ज्यादा संवेदनशील है। रेल परियोजनाएं इसी नदी से सटे पहाड़ों के नीचे और ऊपर निर्माणाधीन है। दरअसल उत्तराखंड के भूगोल का मानचित्र बीते डेढ़ दशक में तेजी से बदला है। चौबीस हजार करोड़ रुपए की ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना ने जहां विकास और बदलाव की ऊंची छलांग लगाई है, वहीं इन योजनाओं ने खतरों की नई सुरंगे भी खोल दी है। उत्तराखंड के सबसे बड़ी पहाड़ी शहर श्रीनगर के नीचे से भी सुरंग निकल रही है। नतीजतन धमाकों के चलते 150 से ज्यादा घरों में दरारें आ गई है। पौड़ी जिले के मलेथा, लक्ष्मोली, स्वोत और डेवली में 771 घरों में दरारें आ चुकी है। रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपय की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत आधार स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि ये सड़के सेना के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। सैनिकों का हिमालयी क्षेत्र में इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है। लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है। हिमालय में हाल ही में केन- बेतवा नदी जोड़ें अभियान की तर्ज पर उत्तराखंड में देश की पहली ऐसी परियोजना पर काम शुरू हो गया है, जिसमें हिमनद (ग्लेशियर) की एक धारा को मोड़कर बरसाती नदी में पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। यदि ये यह परियोजना सफल हो जाती है तो पहली बार ऐसा होगा कि किसी बरसाती नदी में सीधे हिमालय का बर्फीला पानी बहेगा। हिमालय की अधिकतम ऊंचाई पर नदी जोड़ने की इस महापरियोजना का सर्वेक्षण शुरू हो गया है। इस परियोजना की विशेषता है कि पहली बार उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल की एक नदी को कुमाऊं मंडल की नदी से जोड़कर बड़ी आबादी को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। यही नहीं एक बड़े भू-भाग को सिंचाई के लिए भी पानी मिलेगा। 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत इस परियोजना पर काम किया जा रहा है। लेकिन इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए जिस सुरंग का निर्माण कर पानी नीचे लाया जाएगा, उसके निर्माण में हिमालय के शिखर-पहाड़ों को खोदकर सुरंगों एवं नालों का निर्माण किया जाएगा, उनके लिए ड्रिल मशीनों से पहाड़ों को छेदा जाएगा और विस्फोट से पहाड़ों को शिथिल किया जाएगा। यह स्थिति हिमालयी पहाड़ों के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए नया बड़ा खतरा साबित हो सकती है। हिमालय के लिए बांधों के निर्माण पहले से ही खतरा बनकर कई मर्तबा बाढ़, भू-स्खलन और केदरनाथ जैसी प्रलय की आपदा का कारण बन चुके हैं। उत्तराखंड भूकंप के सबसे खतरनाक जोन-5 में आता है। कम तीव्रता के भूकंप यहां निरंतर आते रहते हैं। मानसून में हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में भू-स्खलन बादल फटने और बिजली गिरने की घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं। पहाड़ों के दरकने के साथ छोटे-छोटे भूकंप भी देखने में आ रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में बीते सात साल में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकंप आए हैं। हिमाचल और उत्तराखंड में जल विद्युत और रेल परियोजनाओं ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। टिहरी पर बंने बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक भी हिदायतें देते रहे हैं कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई तो गंगा तो आस्तित्व खोएगी ही, हिमालय की अन्य नदियां भी अस्तित्व के संकट से जुझेंगी। अतएव जोशीमठ का भयावह जो मानचित्र अब दिखाई दे रहा है, वह और-और विस्तृत होता चला जाएगा।

-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार

# नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान में 93 नशेड़ियों की हुई काउंसलिंग

## 6 नशेड़ियों को उनके परिजनों की सहमति से भिजवाया नशा मुक्ति केंद्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के अंतर्गत नीलेश आनंद भरणे, पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र के आदेशों के क्रम में नशा मुक्त उत्तराखंड की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से एसएसपी द्वारा जनपद स्तर पर समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत नशा करने वाले नवयुवको को चिन्हित कर परिजनों के सामने उनकी काउंसलिंग एवं उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद पुलिस द्वारा कुल 99 नशा करने वाले व्यक्तियो को चिन्हित कर उनके आवास स्थलों नशे के अड्डों मैं जाकर उनके परिजनों के सामने काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही अत्यधिक नशा करने वाले 6 नशेड़ीयो को उनके परिजनों की सहमति के आधार पर नशा मुक्ति केंद्र भिजवाया गया। अभियान के दौरान रोहताश सिंह सागर थानाध्यक्ष तल्लीताल के नेतृत्व में पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नशा करने वाले कुल 8 नवयुवकों को चिन्हित कर परिजनों के सामने उनकी काउंसलिंग की गई तथा उन्हें नशा छोड़ने की शपथ दिलवाई गई। उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भवाली के दिशा निर्देशन में बवाली थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत नशा करने वाले कुल 4 लोगों को चिन्हित किया गया तथा उनके परिजनों के समक्ष उनकी काउंसलिंग की गई। विमल कुमार मिश्र थानाध्यक्ष भीमताल द्वारा स्वयं एक नशा करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर उसके परिजनों की सहमति के आधार पर उसे नशा मुक्ति केंद्र भिजवाया गया। अरुण कुमार सैनी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर के निर्देशन में थाना/चौकी पुलिस द्वारा कुल 10 नशेड़ी व्यक्तियों को चिन्हित कर 8 नशेड़ियों की काउंसलिंग की गई तथा अत्यधिक नशा करने वाले 02 नवयुवकों को उनके परिजनों की सहमति के आधार पर नशा मुक्ति केंद्र भिजवाया गया। नंदन सिंह रावत थानाध्यक्ष कालाढूंगी के दिशा निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा कालाढूंगी क्षेत्र अंतर्गत नशा करने वाले कुल 10 लोगों को चिन्हित किया गया जिनमें 07 नाबालिगों की काउंसलिंग की गई एवं 03 नवयुवकों को उनके परिजनों की सहमति के आधार पर नशा मुक्ति केंद्र भिजवाया गया। हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी के दिशा-निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा कुल 15 नशा करने वाले बालिक एवं नाबालिक नवयुवकों को चिन्हित कर थाने में उनकी काउंसलिंग करने के साथ-साथ उन्हें नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार का नशा ना करने की शपथ दिलवाई गई। प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम के दिशा निर्देशन में थाना पुलिस द्वारा कुल 5 नशेड़ियों को चिन्हित कर उनके निवास स्थान में जाकर परिजनों के सामने उनकी काउंसलिंग की गई तथा भविष्य में नशा ना करने की भी हिदायत दी गई। डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा कुल 12 नशेड़ीओ को चिन्हित कर एसएसआई बलवंत कंबोज द्वारा स्वयं उनके घर जाकर उनके परिजनों के सामने काउंसलिंग की गई तथा उन्हें नशे के दुष्प्रभाव कोई बारे में जागरूक किया गया। रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक सुनील गोस्वामी एवम मुखानी थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रकार के नशा करने वाले 14 नवयुवकों का चिन्हीकरण किया गया जिनमें कुछ स्कूली छात्र भी शामिल थे। पुलिस द्वारा उनके घर जाकर परिजनों के सामने उनकी काउंसलिंग की गई तथा उन्हें नशीले मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने के साथ ही उन्हें कानूनी कार्यवाही के बारे में भी विस्तार से बताया गया।नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के दिशा निर्देशन में उप निरीक्षक मनोज यादव एवं थाना पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का गढ़ बनते जा रहे बनभूलपुरा क्षेत्र के कुल 20 नशेडियो को चिन्हित कर उनकी काउंसलिंग करने के साथ-साथ उन्हें नशीले मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का नशा ना करने की हिदायत दी गई इसके अतिरिक्त उन्हें यह भी बताया गया की नशा करने वाले एवं नशीले मादक पदार्थों का क्रय विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस सख्त कार्यवाही कर रही है। पुलिस की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# जिला अस्पताल जाने वाली सड़कों पर दुकानें सजाने से मरीजों को हो रही परेशानी

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिला अस्पताल के सामने दुकान लगाने तथा वाहनों के पार्क होने से एंबुलेंस जैसी सेवा प्रभावित हो रही है। वही मेले के चलते अस्पताल के समीप दुकानों के लगने से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है,वही अस्पताल लाइन मार्ग में दोनों तरफ भोटिया समुदाय के लोगों द्वारा प्रतिवर्ष दुकानें लगाई जाती है, जिस कारण अस्पताल आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वही दुकानें लगने से एम्बुलेंस वाहन को भी अस्पताल से दूर खड़ा करना पड़ता है, वही आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल में लाने लेजाने के लिए तीमारदारों को भी परेशानी उठानी पड़ती है, समाजिक कार्यकर्ता गंगा सिंह,गणेश सिंह, रमेश चन्द्र ललित सिंह ने जिला प्रशासन, पालिका से उत्तरायणी मेले के दौरान अस्पताल लाइन को मरीजों की सुविधा के लिए सड़क को संचालित किए जाने की मांग की।वही जिला अस्पताल में सड़क पर जाम से कई देर तक एंबुलेंस फंसी रही। बाद में किसी तरह उसे वहां से निकाला और वह मरीज लेने के लिए रवाना हुई। मालूम हो कि इन दिनों भोटिया पड़ाव से जिला अस्पताल गेट तक उत्तरायणी के चलते दुकानें लगाई गई। मेला समाप्त होने के बाद भी कुछ दुकानें अभी भी लगी हैं। शनिवार को आतापकाली गेट से लेकर मुख्य सड़क आने में एंबुलेंस को आधा घंटा लग गया। एंबुलेंस उस वक्त एक मरीज को लेने जा रही थी। दो पहिया वाहन चालक एंबुलेंस को रास्ता देने को तैयार नहीं, जबकि एंबुलेंस का चालक कई देर तक हुटर बजाता रहा। बाद में किसी तरह वाहन मरीज लेने के लिए रवाना हुआ। लोगों ने पुलिस से अस्पताल मार्ग को खुला रखने तथा यहां खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



इधर यातायात प्रभारी जगदीश ढ़करियाल ने बताया कि अस्पताल सड़क पर वाहन पार्क करना प्रतिबंधित है। मेले के कारण दुकानें लगी थी। रविवार तक सभी दुकानें हटा ली जाएंगी।

# प्रशासन से टैक्सी स्टैंड हटाने को कई महिनों से संघर्ष जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बुद्ध पार्क के पास अवैध रूप से स्थापित टैक्सी स्टैंड हटाने की मांग को लेकर कई समाज सेवियों द्वारा पिछले करीब आठ माह से प्रशासन से संघर्ष करने के बाद भी न्याय नही मिलना आश्चर्य जनक है। समाज सेवी हेमंत गोनिया, महेंद्र सिंह धोनी, बृजेश वर्मा, अतुल बिष्ट और कई समाजसेवियों ने एक शिकायती पत्र 10 मई 2022 को नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को लिखित तौर पर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय जाकर शिकायती पत्र कार्यालय में जाकर ज्ञापन दिया था। जिसमें कहा गया था कि तिकोनिया चौराहा बुद्ध पार्क के पास अंतरराष्ट्रीय टैक्सी पार्किंग बनाई गई है। जिसे रियल कंफर्ट व बालाजी नाम से दो टूर एंड ट्रैवल्स द्वारा संचालित किया जा रहा है। उन्होंने अपना कार्यालय भी यहां पर बनाया है और इनकी लगभग 8 से 10 टैक्सी यहां पर खड़ी रहती हैं। आरोप है रास्ते के बीच पर टैक्सी लगाकर रास्ता रोक दिया जाता है जिसमें आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। टैक्स ठंडी रोड पर भी खड़ी रहती हैं जबकि हाई कोर्ट के निर्देश है कि ठंडी रोड पर टैक्सी खड़ी नहीं होनी चाहिए। शिकायती पत्र देते ही अवैध टैक्सी मालिकों ने समाजसेवियों को जानमाल की धमकी दी। जिसकी पुनः शिकायत नगर मजिस्ट्रेट रिचा सिंह से 11 मई 2022 को की गई। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा शिकायत पत्र को जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, संभागीय परिवहन अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दिया गया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद हेमंत गोनिया द्वारा नगर मजिस्ट्रेट से आरटीआई में शिकायत पत्र पर कार्रवाई की जानकारी मांगी तो उन्होंने पुलिस प्रशासन को पत्र भेज दिया है का हवाला देते हुए पत्र हेमंत गोनिया को डाक द्वारा भेज दिया गया। कोई कार्रवाई नहीं हुई। हेमंत गोनिया द्वारा नगर मजिस्ट्रेट के आदेशों के सभी पत्र संख्याओं पर हेमंत गोनिया द्वारा पुनः आरटीआई में जवाब कोतवाली, क्षेत्राधिकारी यातायात, संभागीय परिवहन अधिकारी आरटीओ कार्यालय, जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय हल्द्वानी, कोतवाली हल्द्वानी आरटीआई में सूचना पत्र पर यह लिखा गया कि हमारे द्वारा भोटिया पड़ाव चौकी के अंतर्गत कुल 454 वाहनों के चालान काटे गए। जिसमें 227000 शुल्क वसूला गया। लेकिन अवैध टैक्सी स्टैंड के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। आखिर किसकी शह पर अवैध टैक्सी स्टैंड पर करवाई क्यों नहीं हो रही।

# शांति के पैगाम को लेकर जमीयत उलेमा हिंद ने की अनूठी पहल

काशीपुर (उद संवाददाता)। जमीयत उलमा हिंद काशीपुर यूनिट के जनरल सेक्रेटरी जनाब अली अनवर ने काजीबाग स्थित काशीफुल उलूम इंटरनेशनल एकेडमी में जमीयत के ओहदेदारानो व सदस्यों की आहूत बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जमीअत उलेमा हिंद के 34 में इजलासे आम को कामयाब बनाने के लिए जगह-जगह जिम्मेदारान की मीटिंग जारी रही है। मुल्क में चल रही नफरत की हवाओं को मोहब्बत मे बदलने और शांति का माहौल पैदा करने के लिए जमीअत उलमा ए हिंद ने पहले दिन से ही कमर बांध ली है। अली अनवर ने साफ कहा कि जमीअत उलमा ए हिंद का सियासत से एक रत्ती बराबर भी ताल्लुक नहीं है। उन्होंने कहा कि यह जमीयत केवल मजहबी जमाअत है। इंसानियत के बुनियाद पर मुल्क में रहने वाले चाहे वह किसी भी धर्म का हो सकता है उसके लिए यह जमाअत काम करती है। उन्होंने कहा कि मुल्क में वर्ष 1919 से वर्तमान तक लगभग 103 साल से मुल्क के सभी राज्यों को सभी धर्मो की जनता में इंसानियत की खिदमत करते आ रहे हैं। इन हालात का इजहार जमीअत उलमा शहर अलीगढ़ के अध्यक्ष मुफ्ती मोहम्मद अकबर कासमी ने किया उन्होंने कहा हमारा हिंदुस्तान आऐ दिन एक नए चौलेंज का मुकाबला करता नजर आता है। इस वक्त मूलक के जो हालात है व हम सबके सामने हैं। जमीयत के जनरल सेक्रेटरी अली अनवर ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से अपील किया है कि जमीयत उलामा ए हिंद के प्रोग्राम को कामयाब बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा तादाद में लोग 12 फरवरी 2023 सुबह के 9:00 बजे 1:00 बजे तक रामलीला मैदान में पहुंचे।

# यूपी अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का स्वागत

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी के यहां काशीपुर पहुंचने पर विजन हेल्प वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ रजा ने अपने आवास पर पारंपरिक टोपी पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। आयोग के अध्यक्ष यहां भतीजे की शादी में शामिल होने जसपुर रोड स्थित रजा कॉलोनी आये थे। उत्तराखंड की सरजमीं पर युवाओं की आत्मीयता देख वह गदगद हो उठे। उन्होंने कहा कि सर्व समाज को एक साथ लेकर चलने वाली मोदी सरकार अल्पसंख्यक समाज के लिए ऐसा खाका तैयार कर रही है जिससे आने वाले दिनों में अल्पसंख्यक समाज के युवा शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में उन्नति की ओर अग्रसर होंगे। अपने उद्बोधन में राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रही तमाम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे बच्चे वकील डॉक्टर इंजीनियर आईएएस आईपीएस बन सकें इसलिए हम मदरसों को लगातार हाईटेक कर रहे हैं। वहां तकनीकी शिक्षा के साथ हर तरह की पढ़ाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास है। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भारी बहुमत से भाजपा केंद्र की सत्ता पर काबिज होगी व विकास का पहिया और तेजी से गतिमान होगा। स्वागत करने वालों में हाजी मोहम्मद यामीन सैफी,नाजिम सैफी,साजिद सैफी समीर सैफी,फारिद खघन ,नूर सैफी, हाजी सफाहत हुसैन,मोहसिन सैफी,हबीब सैफी,जुनैद सैफी,सालिम खघन ,समीर खघन,कोनैन सैफी, राजकुमार,अरहान सैफी, सेराज सैफी, उमेश दुबे,सलीम अखघ्तर सैफी आदि लोग मोजूद थे ।



## पेज एक का शेष...

**राहुल ने श्रीनगर के लाल चौक...** आगे के लिए रवाना हुई। जहां लाल चौक पर राहुल गांधी ने तिरंगा फहराया बताते चलें कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर लाल चौक के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और सिटी सेंटर के चारों ओर बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा तैनात कर दिया गया है। लाल चौक के बाद भारत जोड़ो यात्रा शहर के बुलेवार्ड क्षेत्र में नेहरू पार्क भी जाएगी।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का 4,080 किलोमीटर के सफर के बाद श्रीनगर में समापन होगा। 7 सितंबर को कन्याकुमारी से ये यात्रा शुरू हुई और देश भर के 75 जिलों में भारत जोड़ो यात्रा पहुंची। राहुल गांधी सोमवार को एमए रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में तिरंगा फहराएंगे, जिसके बाद एसके स्टेडियम में एक जनसभा आयोजित की जाएगी। इस सभा के लिए 23 विपक्षी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है।

**हमारी रगों में बसा..** में पीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार कई अलग पहलुओं की काफी प्रशंसा हो रही है। पीएम ने बताया कि जैसलमेर से पुल्कित ने तो उन्हें लिखकर कहा कि इस बार 26 जनवरी की परेड के दौरान कर्तव्य पथ का निर्माण करने वाले श्रमिकों को आगे बैठे देखकर बहुत अच्छा लगा।

**बनभूलपुरा में ...**पर सहमति बनी। जिसके तहत अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्वे का काम शुरू किया। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में लोग जमा हो गये। टीम ने मौके पर सीमांकन किया। बीते दिन बैठक में ये भी तय हुआ था कि हजरत चिराग अली शाह बाबा की दरगाह और गौला रोखड़ स्थित स्लाटर हाउस को लैंड मार्क मानकर सर्वे करेगी। सीमांकन शुरू हो गया है।

**चोरी की बाईक...** दबोच लिया। पुलिस कड़ी पूछताछ के दौरान बाइक सवार कस्बा गढी पट्टी निवासी नमित राणा पुत्र रजवंत राणा ने बाइक नगर कीर्तन के दिन अपने साथियों भूडा कैमोर थाना अमरिया जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी बसन्त कश्यप पुत्र शिवचरण, थाना खटीमा वार्ड नंबर 2 निवासी सज्जाद अंसारी पुत्र सहिद अंसारी के साथ चोरी करना व नंबर प्लेट को तोड़ देना तथा बेचने के लिए पीलीभीत को ले जाना बताया। इधर नमित राणा ने विगत दिवस नानकमत्ता गुरुद्वारा अस्पताल से कार का शीशा तोड़कर मोबाइल अपने साथी सज्जाद अंसारी, व बसंत कश्यप के साथ चोरी करना भी कबूला। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने बाइक को भी अपने कब्जे में ले लिया। नामित राणा की निशानदेही पर पुलिस ने नानकमत्ता के पीछे बगिया पर बने कमरे से बसंत कश्यप सज्जाद अंसारी को मय मोबाइल आईफोन के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इधर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि तीनों शातिर अपराधी किस्म के हैं। नानकमत्ता थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इधर पुलिस इनका अपराधी इतिहास खंगालने में जुट गई है। पुलिस ने तीनों शातिर अपराधियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां उन्हें जेल भेज दिया। इधर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा। पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव, उप निरीक्षक लक्ष्मण दत्त जोशी, प्रवीण कुमार, नवनीत कुमार, नवीन जोशी, आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

**पांच लाख न देने..** उसके साथ गाली गलौच व मारपीट शुरू कर दी। कहने लगा कि अपने परिवार से 5 लाख रूपये और मंगवा जब इसका विरोध किया गया तो मेरे पति ज्ञान प्रकाश व उनकी भतीजी भुवन कुमारी व भुवन कुमारी के भाई ज्ञानेंद्र व विरेन्द्र पुत्रगण मदन ने उसके साथ लात डन्डो से मारपीट की। इस पर उसने अपने भाई दिनेश कुमार व पिता ठाकुर दास व माँ शीला को फोन करके घर पर बुलाया तो उनके साथ भी मारपीट पर उतारू हो गये और धक्के मारकर घर से बाहर निकाला। पति ने उसके भाई को गोली से जान से मारने की धमकी दी है। पति कहने लगा कि अब मै तलाक दूंगा वरना जान से मार दूंगा। पीड़िता का कहना है उसका एक 5 साल का पुत्र भी है। घटना के बाद से उसे व उसके परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लाखों की धोखाधड़ी...**सेक्टर 28 फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त द्वारा देश के विभिन्न व्यापारियों से भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी की गई है। जिसके संबंध में आरोपी का आपराधिक इतिहास ज्ञात किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी मंगलपड़ाव के साथ आरक्षी संतोष बिष्ट व एसओजी के आरक्षी अनिल गिरी शामिल थे।

# हार जीत की बाजी लगाते चार जुआरी गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। सार्वजनिक स्थान पर जुए की जमघट में हार जीत की बाजी लगाने वाले चार जुआरियों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल रवाना कर दिया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र के हर गनिया कॉलोनी में सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों में हार जीत की बाजी लगाते 4 जुआरियों को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए जुआरियों ने अपना नाम मोहल्ला जसपुर खुर्द थाना आईटीआई निवासी राजकुमार पुत्र हीरालाल, नबीनगर पीएसी के सामने मुरादाबाद निवासी संजय पुत्र रघुवीर, मूल रूप से जसपुर खुर्द तथा हाल नरपत नगर निवासी महेश गुप्ता पुत्र रोशनलाल तथा पाकीजा कॉलोनी मोहल्ला जसपुर खुर्द निवासी जमील पुत्र आफताब बताया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा　एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा　समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732　समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
ऑफर्स ऐसे खरीदे बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
EASY EMI OPTION AVAILABLE
IndusInd Bank
YES BANK
citi
HDFC BANK
AMERICAN EXPRESS
AXIS BANK
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)